हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 12.7 डिग्री

11 गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव पर श्रद्धा के ...



12 चार दिवसीय 27वीं हरियाणा स्टेट यूथ ब्वॉयज ...






## खबर संक्षेप

### मदविः 23 शोधार्थी पीएचडी पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर 23 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। अलका, दिव्या वशिष्ठ, चरित कुमार, आशीष छिक्कारा, नवीन खटक, सचिन कुमार, रणजीत सिंह तंवर, प्रतिभा, बलराम, राजीव कुमार, मनीष कुमार, मनु कुमार और नवीन कुमार, किरण बेदी, अजय दांगी, संदीप कुमार, आशिया, अन्नू, विशु जैन, प्रिया चुघ और प्रियंका यादव, लॉ से मधुर बजाज और साहिल।

### दो युवक अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

**रोहक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार देसी पिस्तौल-कट्टा और दो जिंदा रौंद बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। अदालत में पेश करने के बाद दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी उप-निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि सहायक उप-निरीक्षक रविंद्र के नेतृत्व में टीम महम बाईपास भिवानी रोड पुल के पास गश्त कर रही थी।



### एमडीयू में युवा महोत्सव का आगाज कल से

**रोहतक।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा की ओर से महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) रोहतक के टैगोर सभागार में 6 व 7 नवंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। समारोह की अध्यक्षता जिला उपायुक्त करेंगे।

**एक साल में 500 एक्सीडेंट :** 20 अवैध कट, सफेद पट्टी गायब, कई जगहों पर बने गड्ढे और सर्दी के साथ बढ़ा हादसों का खतरा

# आईएमटी से डी-पार्क तक सड़क 'खतरे की घंटी'



नीरज वर्मा ▶▶ रोहतक

सर्दियों की शुरुआत के साथ ही आईएमटी से डी-पार्क तक का सड़क मार्ग एक बार फिर चर्चा में है, वजह है बढ़ते सड़क हादसे और प्रशासनिक लापरवाही। करीब एक साल पहले बनी इस सड़क का हाल यह है कि जहां पहले सफेद पट्टियां थीं, वे अब पूरी तरह काली पड़ चुकी हैं। वहीं, सड़क पर जगह-जगह 20 से अधिक अवैध कट बन चुके हैं, जो आए दिन दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले एक साल में इस सड़क पर 500 से अधिक छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। सर्दी और कोहरे के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है, क्योंकि दृश्यता कम होने से बिना पट्टी और रिफ्लेक्टर वाली सड़क पर ड्राइवरों को दिशा समझने में परेशानी होती है।







### सुरक्षा संबंधी सुविधाएं नदारत

आईएमटी से डी-पार्क तक का यह मुख्य मार्ग औद्योगिक क्षेत्र को शहर से जोड़ता है। हजारों गाड़ियां प्रतिदिन इस सड़क से गुजरती हैं। ट्रक, ट्रैक्टर, निजी वाहन, और बाइक सवार। सड़क का निर्माण कार्य बीते वर्ष पूरा किया गया था, लेकिन उस समय से ही सुरक्षा संबंधी सुविधाएं अधूरी छोड़ी गईं। न तो सड़क पर सफेद लाइनें स्पष्ट हैं, न ही किसी स्थान पर रिफ्लेक्टर या संकेतक लगाए गए हैं। कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जबकि कुछ स्थानों पर लाइटें लगी ही नहीं हैं। रात में इस कारण वाहन चालकों को सड़क का किनारा तक समझ नहीं आता। एक स्थानीय ड्राइवर ने बताया कि सड़क बहुत बढ़िया बनी है, लेकिन रात में ऐसा लगता है जैसे काले समुद्र में गाड़ी चला रहे हों।

### अवैध कट बने मौत के जाल

आईएमटी से डी-पार्क तक लगभग 8 किलोमीटर के इस मार्ग पर अब तक 20 से अधिक अवैध कट बनाए जा चुके हैं। ये कट फैक्ट्री मालिकों और आसपास के दुकानदारों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण ये अब मौत के जाल में तब्दील हो चुके हैं। हर कट पर बिना किसी सिग्नल या चेतावनी के वाहन अचानक यू-टर्न लेते हैं या सड़क पार करते हैं। इससे आने-जाने वाले वाहनों में टक्कर की संभावना लगातार बनी रहती है। स्थानीय निवासी सुभाष मलिक ने बताया कि ये अवैध कट दिन-रात हादसों का कारण बन रहे हैं। न कोई पुलिस गश्त होती है, न कोई निगरानी। जब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं होती, तब तक प्रशासन को होश नहीं आता।

### दुर्घटनाओं में कई ने गंवाई जान

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आईएमटी से डी-पार्क तक की सड़क पर पिछले एक साल में 500 से अधिक सड़क हादसे दर्ज किए गए हैं। इनमें से करीब दो दर्जन हादसे घातक साबित हुए हैं। अधिकांश दुर्घटनाएं रात के समय या सुबह के कोहरे में हुईं, जब सड़क की सफेद पट्टियां और किनारे दिखना लगभग असंभव था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क पर गति सीमा का भी पालन नहीं किया जाता। ट्रक और कार चालक तेज रफ्तार में चलते हैं और अवैध कट या मोड़ पर नियंत्रण खो बैठते हैं।

### कोहरा बना रहा स्थिति गंभीर

जैसे-जैसे तापमान गिरने लगा है, वैसे-वैसे सुबह और शाम को सड़क पर कोहरा छाने लगा है। कोहरे की वजह से दृश्यता 20 से 50 मीटर तक सिमट जाती है। ऐसे में बिना सफेद पट्टी और बिना रिफ्लेक्टर के सड़क चलना बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। कई वाहन चालक बताते हैं कि सुबह के समय उन्हें सड़क की दिशा तक पहचानने में कठिनाई होती है। अगर सामने से कोई वाहन हेडलाइट ऑन कर आ जाए, तो पलभर में टक्कर की स्थिति बन जाती है।

### औद्योगिक संगठनों में बढ़ा रोष

आईएमटी क्षेत्र के उद्योगपतियों और स्थानीय नागरिकों में इस स्थिति को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन रखरखाव और सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उद्योगपति संदीप ने कहा कि सड़क चौड़ी और सुंदर जरूर है, लेकिन यह सुरक्षा के बिना अधूरी है। हमें प्रशासन से बार-बार सफेद पट्टियां और संकेतक लगाने की मांग करनी पड़ती है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिलता है।

### जल्द शुरू होंगे सुधार कार्य

लोक निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सड़क की सफेद पट्टी और रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईएमटी से डी-पार्क मार्ग पर कुछ तकनीकी कारणों से पेंटिंग और संकेतक का काम रुका हुआ था, लेकिन इसे प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा। अवैध कटों को बंद करने के लिए भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

## पीजीआई के डॉक्टरों ने राष्ट्रीय आर्थोप्लास्टी सम्मेलन में लहराया परचम : कुलपति



**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के हड्डी रोग विभाग के 2 डॉक्टरों व स्पोर्ट्स इंजरी विभाग के एक डॉक्टर ने लखनऊ में आयोजित 21वें राष्ट्रीय आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। तीनों चिकित्सकों की इस उपलब्धि पर पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सकों ने कॉन्फ्रेंस में आयोजित प्रतियोगिताओं की सभी श्रेणियां में पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है और संस्थान को तीनों चिकित्सकों पर गर्व है। हमारा प्रयास है कि संस्थान में आने वाले मरीज को उच्च गुणवत्ता का इलाज उपलब्ध करवाया जाए। ऑर्थोपेडिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र वाधवानी ने बेस्ट आईएए फेलो पेपर अवॉर्ड जीता। उनके विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. शग्निक पॉल, सीनियर रेजिडेंट ने आईएए गोल्ड मेडल पेपर अवॉर्ड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

> सभी श्रेणियां में पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया



### बखेता के युवकों पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बखेता निवासी युवकों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहनता से जांच जारी है। प्रभारी सीआईए-2 स्टाफ उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गांव बखेता निवासी अंकित की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

**राहत** डेयरी संचालकों से सफाई व्यवस्था सुधारने और गोबर नालों में न बहाने की अपील

# डेयरी सीलिंग पर फिलहाल रोक, सोमवार तक डेयरी कॉम्प्लेक्स में शुरू करें कार्य

» *डेयरियों को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित किया जा रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डेयरियों के स्थानांतरण का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि शहरवासियों की सुविधा और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। डेयरी क्षेत्रों में सीवर और नालों के ओवरफ्लो की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे आसपास के नागरिकों को भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। इसी को देखते हुए डेयरियों को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां डेयरी संचालकों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।


निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि मंगलवार को वार्ड सदस्य अनीता मिगलानी की उपस्थिति में गांधी कैंप, कच्चा बेरी रोड, माल गोदाम रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों के डेयरी संचालकों के साथ बैठक की गई। इस दौरान डेयरी संचालकों ने अनुरोध किया कि जिनके प्लॉट कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में आवंटित हो चुके हैं, उन्हें वहां कार्य प्रारंभ करने के लिए कुछ समय दिया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आगामी सोमवार तक कॉम्प्लेक्स में कार्य आरंभ करेंगे और इसका फोटोग्राफ निगम को उपलब्ध कराएंगे। इस आग्रह को देखते हुए निगम ने फिलहाल डेयरी सीलिंग की प्रक्रिया को रोकने का निर्णय लिया है। कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में डेयरी संचालकों की सुविधा के लिए जल व्यवस्था, अपशिष्ट जल निकासी प्रणाली, गलियां, चारा मंडी और बिजली की समुचित व्यवस्था की जा रही है। विकास कार्यों में सबसे पहले बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम प्रयासरत है ताकि डेयरी संचालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



रोहतक। डेयरी संचालकों के साथ बैठक करते निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा।

### जिनकों प्लाट मिले है वे शिफ्ट करें

निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन डेयरी संचालकों को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में प्लॉट आवंटित किए गए हैं लेकिन अब तक उन्होंने अपनी डेयरियों को वहां स्थानांतरित नहीं किया है, उन्हें सोमवार तक वहां काम शुरू करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो निगम उनकी शहर में चल रही डेयरियों को सील करेगा। वे अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें ।






# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

## लाइफ Style

# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार



अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाईं हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।

## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते



दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है। दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*



**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*नई दिल्ली। वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी सक्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## जगह-जगह लगे भंडारे, गूंजे 'सत श्री अकाल' के जयकारे

# गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव पर श्रद्धा के साथ निकला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। पूरे शहर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भावना का अनोखा संगम देखने को मिला।

सुबह से ही गुरुद्वारों में कीर्तन और अरदास के साथ वातावरण आध्यात्मिक हो गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और पूरे शहर में "जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारे गूंजते रहे। नगर कीर्तन की शुरुआत मुख्य गुरुद्वारा साहिब से की गई, जहां से पंच प्यारे ने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी की अगुवाई में नगर भ्रमण प्रारंभ किया। पालकी को फूलों, रोशनी और धार्मिक झंडों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नगर कीर्तन में पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धा भाव से शामिल हुए। आगे-आगे चल रहे रागी जत्थों ने मधुर शब्द गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के अवसर पर निकाले गए नगर कीर्तन का उद्देश्य केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाप्रेम, एकता और सेवा का संदेश फैलाना है।





रोहतक। गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश उत्सव नगर कीर्तन में मौजूद सिख समुदाय के अनुयायी। फोटो : हरिभूमि

### मुख्य चौक पर उमड़ी भीड़, लगा जाम

जैसे-जैसे नगर कीर्तन मुख्य बाजार और प्रमुख चौकों से गुजरता गया, श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। शहर का मुख्य चौक पूरी तरह भक्तों से भर गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किए थे, लेकिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मुख्य चौक और आस-पास की सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस कर्मियों और स्वयंसेवकों ने लोगों को मार्गदर्शन देते हुए यातायात सुचारू बनाने का प्रयास किया। ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्गों से वाहनों को डायवर्ट किया गया और सुरक्षा के मद्देनजर शहर के कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा।



रोहतक। नगर कीर्तन के दौरान कौशल दिखाते गतका दल।

### जगह-जगह लगे सेवा शिविर

नगर कीर्तन के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और समाजसेवी संस्थाओं ने लंगर और भंडारे लगाए। भंडारों में खीर, पूरी-सब्जी, हलवा और ठंडा पानी वितरित किया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर व्यक्ति सेवा में जुटा हुआ था। कई स्थानों पर चाय, ठंडाई, फल और स्नैक्स का वितरण भी किया गया। महिलाओं और युवाओं ने भी सेवा भावना के साथ संगत को प्रसाद वितरित किया। यह दृश्य गुरु नानक देव के "वंड छको" के संदेश को साकार करता दिखा। सेवा में लीन लोगों ने कहा कि सेवा ही सच्ची भक्ति है और इसी भावना से हर कोई योगदान दे रहा था। कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज में समानता, सत्य और मानवता का मार्ग दिखाया।

### गतका दलों ने दिखाया कौशल

नगर कीर्तन में गतका (सिख मार्शल आर्ट) दलों ने तलवारबाजी और ढाल-कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। युवाओं ने अपने पारंपरिक परिधान में करतब दिखाए, जिनसे भीड़ मंत्रमुग्ध हो गई। बच्चों ने गुरु नानक देव के जीवन से संबंधित झांकियां प्रस्तुत कीं, जिनमें उनके उपदेश "नाम जपो, किरत करो और वंड छको" का संदेश झलक रहा था। गुरु नानक देव की पालकी की शोभा देखते ही बनती थी। पालकी के आगे पंच प्यारे नीले वस्त्रों में सुसज्जित होकर चलते हुए मार्ग को पवित्र बना रहे थे। नगर कीर्तन में कई रागी जत्थों ने गुरबाणी का पाठ किया, जिससे श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति और शांति की भावना भर गई।

# राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में 6000 नन्हे खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं को लेकर बैठक करते अधिकारी।

सातवीं राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता (आयु वर्ग अंडर 11 वर्ष लड़के और लड़कियां) के सुचारू संचालन एवं खिलाड़ियों की सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए आज सभी कमेटियों के कन्वीनर, प्रिंसिपल्स, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापकों तथा संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने की। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक, खंड शिक्षा अधिकारी (रोहतक) जयभगवान, खंड शिक्षा अधिकारी (कलानौर) सुनीता चहल, खंड शिक्षा अधिकारी (लाखनमाजरा) साधना, खंड शिक्षा अधिकारी (सांपला) सुमन हुड्डा, तथा शारीरिक शिक्षक संघ रोहतक के प्रधान विकास (डीपीई), मीडिया संयोजक डॉ. जनक राज, ओमपाल (डीपीई) सहित सभी खेलों के इंचार्ज एवं आयोजन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। मीडिया संयोजक डॉक्टर जनक राज ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही सातवीं हरियाणा राज्य स्तरीय विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं (आयु वर्ग अंडर 11 वर्ष, लड़के एवं लड़कियां) दिनांक 7 से 9 नवम्बर 2025 तक रोहतक में आयोजित की जा रही हैं। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के सभी जिलों से लगभग 6000 खिलाड़ी भाग लेंगे। ये सभी खिलाड़ी कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थी हैं, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2015 के बाद की है, इन नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, का प्रदर्शन किया जाएगा।

### आयोजन स्थल एवं खेलवार इवेंट्स

मीडिया संयोजक डॉक्टर जनक राज ने बताया कि आयु वर्ग अंडर 11 वर्ष की प्रतियोगिताएं 7 से 9 नवम्बर 2025 तक रोहतक के विभिन्न विद्यालयों एवं खेल परिसरों में आयोजित की जा रही हैं। वहीं, 7 नवंबर को मानव रचना स्कूल, सुनारिया में लड़कियों की: खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी होगी। साथ ही लड़कों व लड़कियों की एथलेटिक्स एवं स्केटिंग प्रतियोगिताएं सर छोटूराम स्टेडियम में होगी और लड़कों की जिमनास्टिक एवं कुश्ती (8 नवम्बर), लड़कियों की: जिमनास्टिक एवं कुश्ती 8 नवम्बर से 9 नवंबर तक अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में लड़कों और लड़कियों की चेस , कैरम, योग प्रतियोगिता और स्कॉलर रोजरी स्कूल, बोहर (रोहतक) में लड़कों व लड़कियों के: सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गुरुपर्व



**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों को बाबा सोमाशाह गुरुद्वारा, तीसरी और चौथी कक्षा के विद्यार्थियों को लाखनमाजरा तथा पांचवीं से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बंगला साहिब गुरुद्वारा दर्शन के लिए ले जाया गया। गुरुद्वारों में बच्चों को सच्ची सेवा, लंगर और समानता के महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा की शुरुआत शबद-कीर्तन से हुई। विद्यार्थियों ने गुरुबाणी का गायन किया और गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर भाषण दिए।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां

## दया, करुणा, समता और समानता के प्रतीक : श्री गुरुनानक देव जी



गुरु नानक देव जी का जन्म सन् 1469 की कार्तिक पूर्णिमा को तलवंडी पंजाब में हुआ। युगांतकारी युगद्दष्टा गुरुनानक का मिशन मानवतावादी था। उनका चिंतन मानवीय धर्म के सत्य शाश्वत मूल्यों का मूल आधार था। इसीलिए उन्होंने संपूर्ण सृष्टि में मजहबों, वर्णों, जातियों, वर्गों आदि से ऊपर उठकर 'एक पिता एकस के हम बारिक' का दिव्य संदेश दिया। वे कहते थे कि इस सृष्टि का रचियता एक ईश्वर है। उस ईश्वर की निगाह में सब समान हैं। गुरुजी जपुजी साहिब नामक वाणी में फरमाते हैं- 'नानक उत्तम-नीच न कोई।' गुरुजी समता, समानता, समरसता आधारित समतामूलक समाज की स्थापना के प्रबल पैरोकार थे। गुरुजी किसी धर्म के संस्थापक नहीं अपितु मानव धर्म के संस्थापक थे। 'नानक शाह फकीर/हिन्दू का गुरु मुसलमान का पीर'। एक मर्तबा गुरुजी सुलतानपुर के पास बेई नदी में स्नान करने गए तो काफी समय तक बाहर नहीं आए। लोगों ने समझा नानकजी पानी में डूब गए हैं। तीसरे दिन नानकजी प्रकट हुए। बाहर आते ही उन्होंने पहला उपदेश दिया था - 'न कोई हिन्दू न मुसलमान'।

गुरुजी का कहना था- सारी सृष्टि को बनाने वाला एक ही ईश्वर है। हिन्दू और मुसलमान में अंतर नहीं है, ये एक ही खुदा के बंदे हैं। सभी धर्म श्रेष्ठ हैं। आवश्यकता है धर्म के सच्चे उसूलों को मन, वचन, कर्म से व्यवहार में लाने की। क्योंकि ईश्वर-खुदा के दर पर वही कबूल होगा, जिनका निर्मल आचरण होगा एवं कर्म नेक होंगे। उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक दृष्टिकोणों के बीच सृजनात्मक समन्वय उत्पन्न कर विभिन्न संकुचित धार्मिक दायरों से लोगों को मुक्त कर उनमें आध्यात्मिक मानवतावाद और विश्व बंधुत्व के अनिवार्य संबंध स्थापित किए। गुरु नानक देवजी विलक्षण व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बहुमुखी प्रतिभा संपन्न दरवेश थे। उनका दार्शनिक चिंतन गहरा था। उनका मिशन 'बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय' का लोक परोपकारी मिशन था।

उन्होंने निरंकुशता, धर्मांधता, अंध विश्वासों, आडंबरों से जकड़ी हुई उपासना की रूढ़िवादी औपचारिकता के कष्टप्रद भार को दूर कर धर्म के सत्य ज्ञान प्रकाश से सहज, सरल मार्ग प्रशस्त किया। जपुजी साहब में वे स्पष्ट शब्दों में कहते हैं- 'बुद्धिमान व्यक्ति कभी भी सांप्रदायिकता में विश्वास नहीं करता, क्योंकि उसका संबंध विश्व धर्म के सत्यमर्म के साथ है। गुरुजी ने अपनी वाणी में उच्चारित किया है- 'जैते जिया तेते बाटानु'। अर्थात संसार में जितने जीव हैं उतने ही पंथी हैं। किंतु मनुष्य केवल आत्म संयम और अपने मन को जीतने से विजय प्राप्त कर सकता है। गुरुजी की मान्यता है कि इंसान अपने वर्ग भेदों से ऊपर उठकर सत्य मानव धर्म का निर्वाह कर सकता है। इस दिव्य विचारधारा को लेकर गुरुजी ने सर्व-धर्म-समभाव एवं सौहार्दता का लोक कल्याणकारी संदेश दिया।

आप सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां
जीत शैटरिंग स्टोर
सरकुलर रोड, नजदीक पुराना आईटीआई, लेबर चौक, रोहतक
हमारे यहां पिलर फर्मे, मंकी मशीन, ईंट रोड़ा तोड़ने व दबाने की मशीन, मिक्सचर मशीन, हैमर मशीन, बाईब्रेटर, लिफ्ट मशीन किराये पर मिलती है। हमारे यहां लोहे वाली पाईप पैड लगाई जाती है।
LOVEY - 9813360600 NAINI - 8059408000
हरजीत सिंह (जीत)
9416052185, 7502900000

आप सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां
OSMIUM OVERSEAS
Bridging Borders
DELIVERING EXCELLENCE
osmiumoverseas@gmail.com
9858510005, 8295876966
33, Appu Ghar Complex, Rohtak, Haryana-124001

GRADUATE TAILORS
Since 1961
आप सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां
Partap Theatre Road, Rohtak
(M) 9812168910
स. प्रीत पाल सिंह

आप सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां
महेन्द्र सिंह चावला (रूबी)
प्रधान, रोहतक जिला केमिस्ट ऐसोसिएशन
President, Haryana State Throwball Association
मनप्रीत सिंह चावला (मनु)

आप सभी को गुरूनानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख लख बधाईयां
Rangraj Ink
TATTOOZ
Master Artist : DEEPAK RANGRAJ : 80531-85542, 89011-69776
Near Jat College-Central Bank, Delhi Road, Rohtak

आप सभी को श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर्व की लख-लख बधाईयां
Contact For
Steel Shuttering Plants, Lift Mixer, Concrete Mixers Machine & Vibrator on Rent
RAVINDER SINGH
RAVINDERA SHUTTERING STORE
Near Ashoka Plaza, Circular Road, Rohtak, M.: 9812070977

आप सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां
TITU SHUTTERING CONTRACTOR
H.O. Circular Road, Labour Chowk, Rohtak
STEEL SHUTTERING PLATE, PILLER FRAME
MIXER & VIBRATOR FOR RENT
हमारे यहां पिलर फर्मे, ईंट-रोड़ा तोड़ने व दबाने की मशीन, मिक्चर मशीन, हैमर मशीन, मंकी लिफ्ट मशीन किराए पर मिलती है एवं नई मशीनें भी मिलती हैं।
यहां पर लोहे की पैड एवं माऊंटिंग मशीन भी उपलब्ध है।
Prop. S. Malkeet Singh Pahwa (Titu)
Taranpreet Singh (Shanky), Aman (Gagan)
Mob. : 9812033868, 9034840009, 9050805157

आप सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां
दीपक नागपाल (दीपू)
जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा, भाजपा
जिलाप्रमुख, संत व डेरा समन्वय विभाग, भाजपा रोहतक
संचालक, रोटी डे संस्था, रोहतक
M. : 9053193317
मुक्ता नागपाल
वार्ड नं. 16, निगम पार्षद रोहतक

आप सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY Meerut
UGC Approved
Where Education is a Passion...
NAAC A
UGC DEB APPROVED NAAC- A+ GRADE
BA B.COM BBA BJMC BLIB
MA M.COM MBA MJMC MLIB
MBA Specialization
Choose any 2
• Finance Mgmt. • Supply Chain Mgmt.
• Human Resource Mgmt. • Project Mgmt.
• Information Technology • Operation Mgmt.
REGIONAL COORDINATOR:
I-GLOBAL INSTITUTE
1st Floor Shyamji Complex Bahadurgarh
CONTACT 9254545252

## खबर संक्षेप

### मांगे पूरी नहीं हुई तो रोडवेज कर्मी देंगे धरना

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को डिपो में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संदीप सिंघवा ने की, जबकि संचालन जोगेंद्र ढुल ने किया। बैठक में सुरेश नहरा, सुमेश कुंडू, संदीप खोखर, नरेश सिवाच, मनजीत कारोर, नवीन मायना और मनजीत दलाल सहित राज्य कमेटी से दिनेश हुड्डा व अमित महराणा ने भाग लिया।

### स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को किया प्रेरित

**रोहतक।** आत्मनिर्भर हरियाणा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मंगलवार को पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वर्गीय सुंदर सिंह स्मृति मार्ग पर दुकानदारों से संवाद कर स्वदेशी संकल्प पत्र वितरित किए और भारतीय उत्पादों के उपयोग का आग्रह किया। राजकमल सहगल ने कहा कि भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए हमें स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

### डिजिटल लर्निंग सेंटर ने की प्रगति की समीक्षा

**रोहतक।** मदवि के डिजिटल लर्निंग सेंटर की बैठक मंगलवार को सेंटर के निदेशक प्रोफेसर संदीप दलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप-निदेशकों और विभिन्न विभागों के समन्वयकों ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य केंद्र की अब तक की प्रगति की समीक्षा करना और ऑनलाइन शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई कार्ययोजना तैयार करना था।

### स्वाट टीमों द्वारा शहर में निरंतर की जा रही गश्त

**रोहतक।** एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा को मजबूत करने के लिए स्वाट की चार विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें आधुनिक हथियारों से लैस हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम हैं। सभी टीमों का सीधा संपर्क जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों से रहेगा, ताकि किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्वाट टीमें शहर के प्रमुख स्थानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में निरंतर गश्त कर रही हैं।



### सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज ने मदवि क्विज प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता में सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राएं निशा, मानसी और संजू ने भाग लिया। कॉलेज लौटने पर प्राचार्या डॉ. अलका बत्रा ने विजेता छात्राओं का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। कॉलेज कोऑर्डिनेटर डॉ. पूजा सैनी ने बताया कि छात्राओं ने प्रतियोगिता से पहले एक सप्ताह तक गहन तैयारी की और मॉक टेस्ट के माध्यम से अभ्यास किया। लोक प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में तीन चरणों में मुकाबला हुआ, जिसमें सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# दक्षिण अफ्रीका से आर्य प्रतिनिधि मंडल पहुंचा टिटौली

## सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्य समाज के सर्वोच्च संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के तत्वावधान में दक्षिण अफ्रीका से आए नौ सदस्यीय आर्य प्रतिनिधि मंडल का स्वागत स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटौली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने की तथा ब्रह्मा का दायित्व वैदिक विद्वान डॉ. विश्राम रामविलास ने निभाया। प्रतिनिधि मंडल का स्वागत पारंपरिक रीति से पगड़ी पहनाकर, शॉल, अंगवस्त्र, वैदिक साहित्य एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। दक्षिण अफ्रीका आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान पंडित किरण सतगुर ने भावुक शब्दों में कहा "हमारी आत्मा भारत से जुड़ी हुई है। हमारे पूर्वज लगभग 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों द्वारा बंधुआ मजदूर बनाकर दक्षिण अफ्रीका ले जाए गए थे। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने धर्म और संस्कृति को नहीं छोड़ा।





### आर्य समाज का वैश्विक संदेश

दक्षिण अफ्रीका के आध्यत्मिक गुरु स्वामी वेदानंद सरस्वती ने कहा कि आर्य समाज विश्वभर में "मनुर्भव" की भावना के साथ कार्य कर रहा है और जाति, भाषा, क्षेत्र, देश आदि के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता का संदेश देता है। वैदिक विद्वान डॉ. विश्राम रामविलास ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका सहित अनेक देशों में हिंदी और संस्कृत के माध्यम से वैदिक धर्म तथा आर्य समाज का प्रचार-प्रसार निरंतर हो रहा है। स्वामी आर्यवेश ने कहा "जिनके पूर्वजों को अंग्रेज बंधुआ मजदूर बनाकर गन्ने की खेती और रेल की पटरियां बिछाने के लिए ले गए थे, उनके वंशज आज दक्षिण अफ्रीका में धर्म, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। यह अद्भुत उदाहरण है कि लगभग 150 वर्षों बाद भी वे अपने मूल से जुड़े हुए हैं और वेदों को अपना आदर्श मानते हैं।

## राजीव गांधी स्टेडियम में दिखा खिलाड़ियों का जज्बा

# चार दिवसीय 27वीं हरियाणा स्टेट यूथ ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग गेम्स का शुभारंभ

*हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में झज्जर, भिवानी, रोहतक, सोनीपत, हिसार, सिरसा, अंबाला, पानीपत सहित विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में मंगलवार को चार दिवसीय 27वीं हरियाणा स्टेट ब्वॉयज व गर्ल्स बॉक्सिंग गेम्स 2025 का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) नरेंद्र कुमार पहुंचे। हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में झज्जर, भिवानी, रोहतक, सोनीपत, हिसार, सिरसा, अंबाला, पानीपत सहित विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

एडीसी नरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर खेलों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना को मजबूत करती हैं। हरियाणा बॉक्सिंग में देशभर में अग्रणी स्थान रखता है और यहां के खिलाड़ी ओलंपिक स्तर तक परचम लहरा चुके हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम हैं। खेलों से जीवन में संघर्ष करने की शक्ति मिलती है और युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रहते हैं। एडीसी ने खिलाड़ियों से कहा कि वे जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना से खेलें और अपने जिले व राज्य का नाम रोशन करें। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि युवा खिलाड़ी प्रदेश का गौरव हैं। खिलाड़ियों को केवल पदक जीतने के लिए नहीं, बल्कि खेल भावना के साथ राष्ट्र का नाम रोशन करने के उद्देश्य से खेलना चाहिए। मेजर सत्यपाल सिंधु ने आश्वासन दिया कि संघ खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग व बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।








### रोहतक के गौरव ने 5-0 से जीत दर्ज की

प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए यूथ मुकाबलों में शानदार जोश देखने को मिला। झज्जर, सोनीपत, रोहतक, हिसार और सिरसा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबले अपने नाम किए। लड़कों के वर्ग में झज्जर के दिव्यम दलाल, हिसार के करण मलिक, सोनीपत के लक्ष्य कुमार और रोहतक के गौरव ने 5-0 से जीत दर्ज की। वहीं लड़कियों के वर्ग में सिरसा की हनी, हिसार की सानिया, रोहतक की मानसी बुधवार और झज्जर की तेजेश्वी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी।

### रोहतक की खुशी ने 5-0 से जीता मुकाबला

महिलाओं के वर्ग में रोहतक की खुशी ने 5-0 से मुकाबला जीता, जबकि सोनीपत की तानिशा जांगड़ा ने आरएससी के आधार पर जीत हासिल की। इसी तरह हिसार की अंशिका, भिवानी की रूचि, झज्जर की कनिका और सिरसा की पूनम ने भी अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। यह खेल 7 नवंबर तक चलेंगे, जिसमें विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य टीम के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम में बॉक्सिंग संघ के अधिकारी, कोच, रेफरी व बड़ी संख्या में खिलाड़ी और अभिभावक मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### केवीएम पब्लिक स्कूल में मनाया गया गुरु पर्व

**रोहतक।** केवीएम पब्लिक स्कूल में गुरु पर्व मनाया गया। यह सिखों के पहले गुरु 'गुरु नानक देव' की जयंती को गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह सिख धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार है। इस दिन गुरुद्वारों में लंगर होते हैं व प्रभात फेरी भी निकल जाती है । कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के सभी छात्रों ने गुरु पर्व पर कविताएं और गुरु नानक देव की जीवनी सुनाई। इस दिन कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के सभी छात्रों ने लाखन माजरा गुरुद्वारा में दर्शन के लिए भी गए। यहां बच्चों ने गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन किए व सिख धर्म के बारे में जाना। बच्चों ने कढ़ा प्रसाद भी ग्रहण किया। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ मीना कौशिक ने बच्चों को गुरु पर्व के बारे में बताया और गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मनाई गुरु नानक जयंती

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में गुरु नानक देव और गुरु तेग बहादुर की जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने गुरु नानक देव जी के शब्द कीर्तन, गुरुबाणी के मूल मंत्र का पाठ, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए, जिनसे वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से भर उठा। विद्यालय परिसर में छोटे-छोटे बच्चे सफेद रूमाल से सिर ढंके हुए पालथी मारकर बैठे दिखाई दिए, जिससे समारोह की शांति और सौम्यता और भी बढ़ गई। तीसरी से छठी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।



### पठानिया स्कूल में हुई रोल प्ले एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा प्री-नर्सरी और केजी के विद्यार्थियों के लिए रोल प्ले एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। मंच संचालन माही, अश्वथ पुनिया, काव्या, मेथिली, यश, नित्या, डोनिशा और विवान ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन शिक्षिकाओं हरलीन गाबा, नीरज खट्टर, वीना सहगल और रितु वाधवा के निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता के विषय विविध और रोचक थे, जिनमें साइंटिस्ट, टेलर, जज, पोस्टमैन, श्रीकृष्ण, मां दुर्गा, सीता, पार्वती और सरस्वती जैसे चरित्र शामिल थे। बच्चों ने आकर्षक परिधानों और प्रॉप्स के साथ अपनी भूमिकाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

### अर्चना को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान



**रोहतक।** हरियाणा की प्रख्यात लेखिका एवं वरिष्ठ साहित्यकार अर्चना कोचर को उनके चर्चित उपन्यास किन्नर कथा एक अंतहीन सफ़र के लिए दिलीप जिंदल स्मृति पुन्नी सिंह कथाश्री अलंकरण–2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान के निर्णायक मंडल में देश के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं पद्मश्री अलंकरण से विभूषित हस्तियां डॉ. अशोक चक्रधर, डॉ. उषा यादव, मैत्रेयी पुष्पा, ममता कालिया, डॉ. लीलाधर मंडलोई सहित वरिष्ठ आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी शामिल थे। अर्चना कोचर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि किन्नर कथा एक अंतहीन सफ़र समाज के उपेक्षित किन्नर समुदाय के जीवन संघर्ष, संवेदनाओं और आत्मसम्मान की कथा है। हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा इस कृति को पूर्व में श्रेष्ठ कृति सम्मान प्राप्त हो चुका है, और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे मान्यता मिलना मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्य जगत के साथ-साथ हरियाणा के पाठकों में भी हर्ष की लहर है।

■ किन्नर कथा एक अंतहीन सफ़र" उपन्यास के लिए मिला सम्मान

### फ्यूचर डेवलपर स्कूल के छात्रों ने बॉक्सिंग में मारी बाजी




**रोहतक।** फ्यूचर डेवलपर स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में पानीपत में आयोजित द्वितीय हरियाणा राज्य आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों हिमांक, रजत और आयत ने गोल्ड मेडल जीतकर बाजी मारी, जबकि वर्षा और हर्षिता ने सिल्वर मेडल तथा आशु ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। छात्रों ने अपनी दमदार तकनीक, दृढ़ इच्छाशक्ति और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। स्कूल के संचालक एडवोकेट विनोद सहारन और आर्म बॉक्सिंग कोच प्रेम सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।



### राजकीय महिला महाविद्यालय और सांपला कॉलेज के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय और सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला के बीच दो वर्ष की अवधि के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक, शोध और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। एमओयू पर हस्ताक्षर दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह और डॉ. संतोष हुड्डा की सहमति से किए गए। इस अवसर पर दोनों कॉलेजों की एवं समिति की कन्वीनर डॉ. ज्योति, डॉ. प्रीतम, डॉ. किरण शर्मा, सीमा रंगा और डॉ. सुप्रिया ढुल ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए। इस मौके पर उप-प्राचार्या दीपक मलिक, डॉ. सुशीला, डॉ. पुष्पदीप डागर, नीरज, नीलम शर्मा, सविता , सुबीता सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने महाविद्यालय में चल रही कला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता, आपसी सहयोग और अनुभव साझा करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

## महम में ठेकेदार की मनमानी, 18 महीने से सफाई कर्मियों का ईपीएफ जमा नहीं करवाया



**महम।** महम नगर पालिका में एक ठेकेदार द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ मनमानी किए जाने का मामला सामने आया है। सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार ने पिछले 18 महीने से उनका ईपीएफ जमा नहीं करवाया है, जिस वजह से उनको काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ठेकेदार के पास कूड़ा कलेक्शन के काम में लगे कई सफाई कर्मचारी मंगलवार दोपहर को नगर पालिका अभियंता अशोक हुड्डा से मिले। इस दौरान सफाईकर्मी दीपक, अनिल, नितेश, कपिल और रणबीर व अन्य ने बताया कि वे कम वेतन में ठेकेदारी प्रथा के तहत के नगर पालिका का सफाई का काम कर रहे हैं। वे शहर में घर घर जाकर कूड़ा उठाते हैं। बेरोजगारी की समस्या के चलते वे ठेकेदार के पास महज 10-11 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से काम करने पर मजबूर हैं। अधिक वेतन की मांग इसलिए नहीं करते, कहीं ठेकेदार उनको नौकरी से न निकाल दे। लेकिन जब उनका शोषण अधिक बढ़ गया तो मजबूरी में उन्हें ठेकेदार की शिकायत करनी पड़ रही है। पिछले 18 महीने से ठेकेदार ने उनके ईपीएफ खाते में पैसा नहीं जमा करवाया है। पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने सफाई कर्मचारियों की शिकायत सुनने के बाद संबंधित ठेकेदार से बातचीत की। ठेकेदार ने कहा है कि कुछ महीने का ही ईपीएफ जमा नहीं हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## पूर्व कार्यकारिणी ने जो भी किया, उस पर समय खराब करने की बजाय हम वर्तमान में अच्छा क्या कर सकते हैं

# दूसरी तिमाही में भी जाट महासभा की आमदनी पहले की बजाय 3 गुना बढ़ी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

सेक्टर एक स्थित जाट महासभा ने वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही(जुलाई से सितंबर)में संस्थान की आमदनी में तीन गुना तक की बढ़ोतरी करने की है। इससे पहले अप्रैल से जून तक भी लगभग इतनी ही बढ़ोतरी हुई थी। वर्तमान कार्यकारिणी ने नवंबर 2024 में कार्यभार संभाला था। तब से लेकर गत सितंबर तक महीने की औसत आमदनी 6115585 रुपये हुई है। जबकि मार्च 2024 तक जो महासभा की जो कार्यकारिणी कार्य कर रही थी, उसकी महीने की एवरेज आमदनी 245854 रुपये थी। ध्यान रहे कि वर्तमान कार्यकारिणी ने आमदनी बढ़ाने के लिए नए संसाधन नहीं जुटाए हैं। महासभा का वही भवन है। इस भवन के कमरों और हॉल के किराए से ही महासभा की आमदनी होती है।

### राधेश्याम शर्मा ने भी आय में की थी वृद्धि



चुनाव प्रक्रिया को लेकर महासभा में कई महीने तक बवाल मचता रहा तो अप्रैल 2024 में जिला प्रशासन ने महासभा की प्रशासनिक कार्रवाई चलाने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त अधिकारी राधेश्याम शर्मा को प्रशासक नियुक्त कर दिया। इसके बाद महासभा की आमदनी में भी धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी। अप्रैल में 384550, मई में 359550, जून में 616750, जुलाई में 604750, अगस्त में 574050, सितंबर 484450 और अक्टूबर में आमदनी 511340 रुपये थी। अब ऐसे समाज कोई भी औसत समझ परख वाला व्यक्ति अंदाजा लगा सकता है कि महासभा की कमाई का पैसा कहां जा रहा था। बताया तो ये भी जा रहा है कि उस समय पैन की बजाय कई जगहों पर पेंसिल तक प्रयोग बही-खातों में किया जाता था। जो कार्यकारिणी पेंसिल का प्रयोग बही-खातों के लिए करती हो, उसकी प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगेंगे ही।

### हिसाब-किताब आप भी जान लें

| वित्तीय वर्ष | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| अप्रैल | 247390 | 284200 | 500950 |
| मई | 323600 | 359550 | 532324 |
| जून | 241000 | 616750 | 712700 |
| जुलाई | 346005 | 604750 | 696900 |
| अगस्त | 291300 | 574050 | 614907 |
| सितंबर | 212050 | 484450 | |
| अक्टूबर | 326400 | 511340 | |
| नवंबर | 379155 | 680701 | |
| दिसंबर | 283400 | 404400 | |
| जनवरी-23 | 276170 | 392060 | |
| फरवरी | 415500 | 386250 | |
| मार्च | 156200 | 415300 | |
| कुल | 3498170 | 5814151 | |

### 10 लाख का उजागर हुआ था घोटाला

ऐसे में अब ये सवाल बहुत ही समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है कि वर्तमान कार्यकारिणी और पूर्व कार्यकारिणी के कार्यकाल में आय का इतना बड़ा अंतर कैसे है। आय का हिसाब-किताब देखें तो पूर्व कार्यकारिणी द्वारा कोई न कोई गड़बड़झाला किया जा रहा था तो तभी तक आमदनी में इतना बड़ा अंतर है।

### महासभा की दैनिक रिपोर्ट

*एक दिन में महासभा की कितनी कमाई हुई और कितना खर्च किया गया। इसकी प्रतिदिन जानकारी महासभा के वाटसअप ग्रुप पर डाली जा रही है। पिछली कार्यकारिणी ने क्या-क्या किया और कैसे किया, इसकी पूरी जानकारी वर्तमान पदाधिकारियों को काफी अच्छे से है। हम बीते दिनों का रोना-रोने की बजाय वर्तमान में बढ़िया से बढ़िया क्या किया जा सकता है, वह लग्न से कर रहे हैं।*
*-जयबीर ढुल, प्रधान जाट महासभा रोहतक*